प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
21.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

योग दिवस–राज्यपाल

दुनिया भर में आज 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश–विदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक लोगों ने योग दिवस में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि योग भारत की ओर से सम्पूर्ण मानवता को दिया गया एक अमूल्य उपहार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज योग को दुनिया के एक सौ 89 देशों ने अपनाया है।

प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

योग दिवस–मुख्यमंत्री

प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्यस्तरीय समारोह हमीरपुर के अणु स्थित सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने योगाभ्यास सत्र का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में करीब 2 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस से जुड़ी एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस पुस्तिका में योगासनों से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। आयुष व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा सहित कई अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे। उधर घुमारवीं के बलोह और त्यून खास में आयोजित योग शिविरों में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने योग को दैनिक जीवन शैली में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही प्रदेश व देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है। लाहौल स्पिति के मुख्यालय केलंग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई गई।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हमीरपुर के नादौन में करीब एक सौ 25 करोड़ रूपए से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्टेडियम को इसी वर्ष प्रदेश के खिलाड़ियों को समर्पित किया जाएगा। हमीरपुर के अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में युवा खिलाड़ियों व अन्य बच्चों के साथ आज एक संवाद कार्यक्रम में उन्होंने

कहा कि इस इंडोर स्टेडियम में 14 तरह की खेल गतिविधियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेताओं के लिए करोड़ों रूपए की पुरस्कार राशि का प्रावधान किया है।

नीट परीक्षा

देश विदेश के विभिन्न शहरों में आज नीट यूजी पुर्नपरीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में करीब 22 लाख उम्मीदवार शामिल हो रहे हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट परीक्षा दे रहे सभी परीक्षार्थियों को शुभकानाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं और उन्होंने उम्मीदवारों से बिना किसी भय के परीक्षा देने का आहवान किया है।

सीबीएसई–स्कूल

राज्य सरकार ने प्रदेश के एक सौ 51 स्कूलों को सीबीएसई से सम्बद्ध किया है। इनमें शिमला जिले के 24 स्कूल शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार सीबीएसई सम्बद्ध स्कूलों में खेल, कला, संस्कृति, संचार कौशल, सूचना प्रौद्योगिकी और जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस पहल से सरकारी विद्यालयों में ही आधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा।

वाइब्रेंट विलेज

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 के तहत देश के विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रतिभागियों ने स्पीति के सीमावर्ती गांवों का भ्रमण कर वहां की संस्कृति, परंपराओं और स्थानीय जीवन की जानकारी ली। इस दौरान युवाओं ने आईटीबीपी के साथ योग सत्र, शारीरिक प्रशिक्षण और आत्मरक्षा से जुड़े विशेष प्रशिक्षण में भाग लिया। अधिक व्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पिति जिला संवाददाता....

———————————